**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 16.07.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

बैठक में निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए :–

1 श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी, शामली।

2 श्री फूल सिंह यादव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

3 श्री मनोज कुमार पाल/श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

4 श्री गौरव कुमार, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

5 श्री संजय पटेल, पी0एम0 मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई।

6 श्री शशि गुप्ता, सूपरवाइजर, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।

7 श्री शिवदत्त, डी0पी0एम0/श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली।

8 श्री संजय कुमार, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक हेतु निम्न एजेण्डा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

**बिन्दु संख्या–1 जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा :–**

**(अ) नई पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाओं के सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 655 कि0मी0 रोड (92 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 21 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 72 नग पे0यो0 (85 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। फर्म के पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 2 ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थान की अत्यन्त धीमी प्रगति एवं रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत न करने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। और फर्म मै0 जे0एम0सी0 लक्ष्मी के पी0एम0 को सख्त निर्देश दिये गये कि आज दिनांक 16.07.2025 को रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

पूर्व समीक्षा बैठक में फर्म के पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 41 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर उच्च जलाशय के माध्यम से ग्राम में जलापूर्ति दी जा रही है जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा वर्तमान में केवल 21 उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण कर उच्च जलाशय के माध्मय से ग्राम में जलापूर्ति दी जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म को शेष 20 उच्च जलाशय का कार्य अगली बैठक तक पूर्ण कर उच्च जलाशय के माध्यम से ग्राम में जलापूर्ति देना सुनिश्चित करें।

**(ब) पुर्नगठन पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 13 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 215 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 212 कि0मी0 रोड (98.60 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 10 नग के सापेक्ष 10 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 8 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 17 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 12 राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 03 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (लांक पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन शेष है।)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान में पेयजल योजनाओं के समस्त कनेक्शन धारकों को पेयजल आपूर्ति नहीं करायी जा रही है तथा इसके निराकरण हेतु इनके द्वारा कोई रुचि नहीं ली जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा आदेशित किया गया कि समस्त ग्रामों में शत–प्रतिशत घरों को जलापूर्ति कराना तथा सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर फर्म के साथ योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। फर्म के प्रतिनिधि श्री शशि गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 1 ग्राम बहावडी में रोड पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा बार–बार रोड पुर्नस्थापन के कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही हैं। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा आदेशित किया गया कि जिला पंचायती राज अधिकारी शामली से समन्वय स्थापित कर रोड पुर्नस्थापन में आ रही बाधा का निस्तारण करायें।

**<u>बिन्दु संख्या–2 (अध्यक्ष महोदय के अनुसार अन्य बिन्दु) :–</u>**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा समीक्षा के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

**1– एफ0एच0टी0सी0 :–** फर्म द्वारा इस सप्ताह में मात्र 11 नग पेयजल कनेक्शन कराये गये है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा नाराजगी व्यक्त कर सख्त निर्देश दिये गये कि एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति को युद्ध स्तर पर बढाना सुनिश्चित करें ताकि माह अगस्त 2025 की सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में जनपद ग्रेड ए में आ जाये।

**2– बाबरी पेयजल योजना :–** फर्म के सूपरवाइजर श्री शशी गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि बाबरी ग्राम पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये जिस पर अधिशासी अभियन्ता जलनिगम द्वारा बताया गया कि कुछ गलियों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है तथा कुछ गलियों में पाइप लाइन बिछाया जाना तथा पेयजल कनेक्शनों की उचित फीटिंग व अन्य परिलक्षित कमियों के निराकरण का कार्य अवशेष है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर योजना का विस्तृत निरीक्षण कर बिन्दुवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**3– खन्द्रावली एवं जसाला पेयजल योजना :–** फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री संजय पटेल द्वारा अवगत कराया गया है कि कावड़ यात्रा के चलते मार्गों में आवागमन बाधित होने के कारण HDD मशीन कार्य स्थल पर नहीं आ पा रही है। कावड़ यात्रा की समाप्ति के बाद कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। जिस पर उक्त दोनो पेयजल योजना पर फर्म को सख्त निर्देश दिये गये कि कावड़ यात्रा की समाप्ति के बाद HDD मशीन द्वारा शीघ्र पाइप लाइन कार्य प्रारम्भ कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

**4– भैंसवाल पुर्नगठन पेयजल योजना :–** उक्त योजना पर अतिरिक्त पाइप लाइन को HDD मशीन द्वारा शीघ्र बिछायी जाये जिससे किसान दिवस के माध्यम से आ रही शिकायत का निस्तारण किया जा सके।

**5– सिलावर पुर्नगठन पेयजल योजना :–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त योजना के अन्तर्गत सिलावर ग्राम की अधिकांश गलियों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसकी शिकायत लगातार जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों द्वारा की जा रही है। फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त संख्या में मैनपॉवर लगाकर एक सप्ताह के अन्दर सम्पूर्ण ग्राम में पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**6– फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा अनुभवी सीनियर इंजीनियर व साइट इंजीनियर की नियुक्ति करना :–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद के पास अनुभवी सीनियर इंजीनियर व साइट इंजीनियर नहीं है जिससे पेयजल योजनाओं के कार्य बाधित हो रहे है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा फर्म को निर्देश दिये गये कि अपनी फर्म में अनुभवी सीनियर इंजीनियर व साइट इंजीनियर की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें।

**7– वाटर वर्क्स कैम्पस में सौलर पैनल व अन्य सामग्री को चोरी व क्षतिग्रस्त करने के सम्बन्ध में :–** दोनो फर्मों के द्वारा अवगत कराया गया है कि पेयजल योजनाओं के वाटर वर्क्स कैम्पस में सौलर पैनल व अन्य सामग्री को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी व क्षतिग्रस्त करने की समस्या आ रही है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं के निर्माण करना व दस वर्ष तक संचालन एवं रख–रखाव का कार्य फर्म द्वारा किया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा फर्म को निर्देश दिये गये कि वाटर वर्क्स कैम्पस के समस्त उपकरण एवं सामग्री की सुरक्षा/रख–रखाव के दायित्वों का निर्वहन फर्म द्वारा पूर्णतः जिम्मेदारी के साथ किया जाये जिससे उक्त समस्या का निराकरण स्वतः हो जायेगा।

(फूल सिंह यादव)
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

पत्रांक– 962, 108, 58 दिनांक : 16-7-25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
7. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
8. उप जिलाधिकारी शामली/कैराना।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली।
10. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय/चतुर्थ
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी।
12. जी0एम0/पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
13. पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
14. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
15. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

16/07/25
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली